CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: sachin.saini@timesofindia.com Time: 02-17-2026 21:07 Color:




CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: c-amul.rastogi@timesofindia.co Time: 02-17-2026 20:40 Color:




# स्कूल टाइम

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

## सफलता के लिए कॉन्फिडेंस का होना है जरूरी




**आत्मविश्वास कभी भी सिलेबस का हिस्सा नहीं होता है, फिर भी बोर्ड एग्जाम के दौरान यह चुपचाप स्टूडेंट्स की सोच, प्रतिक्रिया और प्रदर्शन को प्रभावित करता है और कई बार शैक्षणिक तैयारी से भी आगे बढ़कर परिणाम तय कर देता है।**



Ananya Nair
Response.UP@timesofindia.com

आत्मविश्वास किसी भी सिलेबस में भले शामिल न हो, लेकिन हर परीक्षा को देने के तरीके पर इसका गहरा असर पड़ता है। जो स्टूडेंट अपनी तैयारी पर भरोसा रखते हैं, वे कठिन या अनजान सवालों को भी शांत मन से हल करने की कोशिश करते हैं और तर्कसंगत सोच पाते हैं। वहीं आत्मविश्वास की कमी आसान प्रश्नों को भी उलझन में बदल देती है। महीनों की मेहनत से बना यह अदृश्य गुण अक्सर तय करता है कि एक स्टूडेंट अपनी सीखी हुई बातों को परीक्षा में कितनी अच्छी तरह लिख पाते हैं।

### स्टूडेंट्स सीख पाते हैं बहुत कुछ

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के दौरान स्टूडेंट्स केवल सिलेबस पर ही नहीं फोकस करते हैं, बल्कि उससे कहीं अधिक बातों को आत्मसात करते हैं। नियमित पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस टेस्ट धीरे-धीरे मानसिक अनुशासन और धैर्य विकसित करते हैं। समय के साथ स्टूडेंट कठिन विषयों के साथ तालमेल बैठाना, अपनी डेडलाइन को संभालना और टाइम मैनेजमेंट जैसी बातों को सरलता से सीख जाता है। ये अनुभव चुपचाप उनके आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं, भले ही वे इसे सचेत रूप से महसूस न करें। एग्जाम की डेट के नजदीक आने तक उनकी मेहनत आत्मविश्वास में बदल जाती है, जिससे वे क्वैश्चन पेपर का सामना अधिक स्पष्ट सोच, दृढ़ता, बेहतर एकाग्रता और भावनात्मक संतुलन के साथ कर पाते हैं।

### समय के साथ बढ़ता आत्मविश्वास

आत्मविश्वास एग्जाम वाले दिन अचानक पैदा नहीं होता। यह हफ्तों और महीनों की तैयारी, रिवीजन और सिलेबस से बार-बार जुड़ने की प्रक्रिया में धीरे-धीरे आकार लेता है। हर पूरा किया गया चैप्टर और प्रैक्टिस पेपर स्टूडेंट्स के भीतर तैयारी का भरोसा बढ़ाता है। यहां तक कि वे दिन भी, जो अनुत्पादक या निराशाजनक लगते हैं, विषय के साथ परिचय को मजबूत ही करते हैं। परीक्षा के दिन तक यही निरंतर प्रयास आत्मविश्वास की मजबूत नींव बन जाता है, जो कठिन प्रश्नों या अप्रत्याशित कठिनाई स्तर के सामने भी छात्रों को शांत और संतुलित बनाए रखने में मदद करता है।

> एग्जाम में अंकों का अपना महत्व होता है। इसलिए उन्हें उपयोगी माना जाता है। लेकिन कई बार वे ऐसी पढ़ाई को बढ़ावा देते हैं, जो केवल परीक्षा तक सीमित रहती है। जैसे कि रटकर याद करना। इससे गहरी समझ विकसित नहीं हो पाती।

### तैयारी से जन्म लेता भरोसा

तैयारी अनिश्चितता को कम करती है और यही अनिश्चितता परीक्षा से जुड़ी घबराहट का सबसे बड़ा कारण होती है। जब स्टूडेंट्स को लगता है कि उन्होंने पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है मुख्य अवधारणाओं को दोहरा लिया है और नमूना प्रश्नों का अभ्यास कर लिया है, तो उनको अपनी क्षमता पर विश्वास बनने लगता है। क्वैश्चन के पैटर्न और नंबर देने की प्रणाली से परिचित होना भी उन्हें क्वैश्चन पेपर को अधिक स्पष्टता के साथ समझने में मदद करता है। यह भरोसा पूर्णता की गारंटी नहीं देता, लेकिन छात्रों को अपने प्रयास पर विश्वास करने और डर के बजाय आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की ताकत जरूर देता है। एक स्कूल प्रिंसिपल स्नेह शर्मा कहती हैं,"हम हमेशा स्टूडेंट्स से कहते हैं कि कॉन्फिडेंस अगर बेहतर है तो इसका मतलब है कि तैयारी भी अच्छी होगी। जब बुनियाद मजबूत होती है, तो डर अपने आप कम हो जाता है।"

### प्रैक्टिस की है अहम भूमिका

प्रैक्टिस टेस्ट और सैंपल पेपर केवल शैक्षणिक तैयारी का आकलन ही नहीं करते, बल्कि मन को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार भी करते हैं। समय-सीमा में बार-बार सवालों को हल करना और चुनौतीपूर्ण सवालों से जूझना स्टूडेंट्स को एग्जाम के माहौल का आदी बना देता है। इससे वे बेहतर कर पाते हैं। लगातार प्रैक्टिस करने से घबराहट कम हो जाती है और एकाग्रता बेहतर होती है। स्टूडेंट्स टाइम मैनेजमेंट करने, गलतियों से उबरना और बिना आत्मविश्वास खोए अगले सवाल की ओर बढ़ना सीखते हैं। यही प्रैक्टिस परीक्षा के दौरान उन्हें अंत तक शांत, संतुलित और संयमित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है।

### छोटी सफलताओं की बड़ी भूमिका

तैयारी के दौरान मिलने वाली छोटी-छोटी सफलताएं अक्सर अनदेखी रह जाती हैं, लेकिन आत्मविश्वास बनाने में इनकी बड़ी भूमिका होती है। किसी कठिन सवाल को हल कर लेना, मॉक टेस्ट पूरा करना या किसी जटिल कॉन्सेप्ट को समझ लेना ये सारी बातें स्टूडेंट्स के भीतर कॉन्फिडेंस को मजबूती देता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि ऐसे पल सकारात्मक ऊर्जा देते हैं और यह एहसास कराते हैं कि प्रैक्टिस करने से उनमें निरंतर प्रगति हो रही है, भले ही वह धीमी क्यों न लगे। समय के साथ यही छोटी सफलताएं जुड़ती जाती हैं और स्टूडेंट्स को एग्जाम के करीब पहुंचते-पहुंचते अधिक आश्वस्त कर देती है कि वे एग्जाम के दौरान किसी भी तरह की परिस्थितियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं।







**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in